कार्यालय - जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई।

पत्रांकः-368 /प्रथम/उरई

दिनांकः 31.10. , 2026

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र संख्या 14561/2026/एस०जे० एम० /एडमिन "जी–।" /इलाहाबाद दिनांकित 27.10.2026 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक 'केवल ऐसे सुयोग्य व्यक्तियों से जो बी०एन०एस०एस० की धारा-11 में उल्लिखित परिभाषा के अनुसार अर्हता/योग्यता रखते हों, जिसके पास **(क)** सरकार के अधीन कोई पद धारण करता है या कर चुका हो। **(ख)** वह विधि की डिग्री रखता हो या अन्यथा उच्च न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार कानूनी मामलों में अच्छी तरह से अनुभवी हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई के प्रशासनिक कार्यालय में दिनांक 30.12.2026 सायं 04.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। इसके उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त/स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विस्तृत विवरण माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट https://www.allahabadhighcourt.in व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाईट https://jalaun.dcourts.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

(विरजेन्द्र कुमार सिंह)
जनपद न्यायाधीश,
जालौन स्थान उरई।

जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई

प्रतिलिपिः-

1. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को इस अपेक्षा के साथ प्रेषित कि वह राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में उक्त विज्ञप्ति में ''न्यूज आईटम'' के रूप में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन करवायेंगे एवं समाचार पत्र/समाचार पत्रों की एक-एक प्रति अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को प्राप्त करवायेंगे।
2. जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई एवं जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु क्रमशः केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय, उरई एवं सदर नाजिर कलेक्ट्रेट, उरई को प्रेषित।
3. नोडल आधिकारी (कम्प्यूटर अनुभाग) जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट https://www.allahabadhighcourt.in व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाईट https://jalaun.dcourts.gov.in पर अपलोड करायें।

जनपद न्यायाधीश,
जालौन स्थान उरई।

जनपद न्यायाधीश
जालौन स्थान उरई